an>

Title: Need to take steps to promote sports among youths.

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : मैडम, सबसे पहले तो मैं आपको बधाई देता हूं और आपका शुक्ू◌ा◌ि◌Eया अदा करता हूं कि जिस तरह से आपने अंडर-17 वर्ल्ड कप, जो हमारे देश में होने जा रहा है, उसके कर्टेन रेज़र की तरह, उसे उत्साह देने के लिए, बाकी तमाम सांसदों को लेकर आज सदन के बाहर एक कार्यक्ूम हुआ। खासकर, खेल मंत्ूी की जो यह सोच थी, उसके लिए मैं बधाई देता हूं। लेकिन, मैं समझता हूं कि हर क्षेत्ू में हमारे देश के अपने अंडर-17 खिलाड़ी, खासकर गांव-गांव में, फुटबॉल को पॉपुलराइज़ करने के लिए उठें। अगर आप एक प्ूावधान कर दें कि हमारे सांसद कोटा से भी, हम अपने-अपने क्षेत्ू में, जैसे पहले मेडिकल कैम्प करने की इज़ाजत मिली थी, इसी तरह इसके लिए भी थोड़ी-सी एक रक़म तय कर दें और अंडर-17 से पहले अंडर-17 के लिए बच्चों का एक फुटबॉल टूर्नामेंट हो, ताकि नए खिलाड़ी उभर कर आएं और इस इवेंट को अच्छे तरीके से नीचे तक ले जाया जाए। अगर ऐसा कार्यक्ूम होगा तो मैं समझता हूं कि बाकी सदस्य भी इसका समर्थन करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, इसे करिए।

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदया, यह सही बात है। यह होनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : आज इसीलिए सबको फुटबॉल दिए गए हैं। आप इसे करिए।

श्री गणेश सिंह (सतना) : ग्ूामीण क्षेत्ूों में बड़ी संख्या में खिलाड़ी हैं। उनकी पहचान नहीं हो रही है, उनका प्ूशिक्षण नहीं हो रहा है। उसके लिए कुछ-न-कुछ प्ूावधान तो होना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री रवीन्दू कुमार जेना,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी और

श्री भैरों प्ूसाद मिश्ू को श्री मोहम्मद सलीम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्ूदान की जाती है।